# यूटीयू में छात्रों को उत्तर पुस्तिकाएं दिखाने का कार्य शुरू

देहरादून। वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 की सम सेमेस्टर परीक्षाएं का मूल्यांकन कार्य पूरा कर लिया है। विवि ने अंतिम परीक्षा परिणाम घोषित करने से पहले छात्र-छात्राओं को मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाएं दिखाने का कार्य शुरू कर दिया है।

कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने कहा कि शुरूआत में बीटेक, एमबीए, एमसीए, बीए एलएलबी, बीबीए एलएलबी, एलएलबी, बीआर्क, बीफार्म पाठ्यक्रमों के अंतिम वर्ष की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य कराया जा रहा है। साथ ही नौ जुलाई से संबंधित छात्रों को उनकी मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाएं दिखाये जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। छात्र-छात्राओं को अपनी मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका का अवलोकन करने से पहले संबंधित विषयों को अध्यापित कराने वाले शिक्षकों के फीडबैक फार्म को भी भरना होगा। उन्होंने कहा कि विगत दो सत्रों से विवि में प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण करने से परीक्षा कार्यों में पारदर्शिता आई है जिससे छात्रों में मूल्यांकन प्रणाली के प्रति विश्वास पैदा हुआ है। विवि द्वारा शिक्षकों के फीडबैक को सभी संस्थाओं से साझा करने से शी ैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के सकारात्मक परिणाम दिखने लगे हैं।